जयपुर (राजस्थान) से प्रकाशित एवं दिल्ली, महाराष्ट्र, उत्तर प्रदेश, मध्य प्रदेश, हरियाणा, पंजाब, गुजरात, उत्तराखंड, छत्तीसगढ़, बिहार, हिमाचल प्रदेश और झारखण्ड राज्यों में प्रसारित

(DAVP-CODE No. 120390) भारत सरकार का रजि. नं. 10311/1965

साप्ताहिक

# हमारा वतन

देश का अपना अखबार

ہمارا وطن ہفت روزہ

संस्थापित 1965



संस्थापक
स्व. श्री राजेन्द्र कुमार 'अजेय'
स्वतंत्रता सेनानी



संरक्षक
बाबू लाल सैनी



सम्पादक
राम गोपाल सैनी

www.hamarawatan.com FOLLOW US:- Hamarawatan | Hamarawatan65 | Hamarawatan3 | Hamarawatan

वर्ष- 58 | अंक-31 | जयपुर, सोमवार, 1 अगस्त, 2022 | वार्षिक शुल्क 200 रुपये (एक प्रति 4 रु.) | पृष्ठ संख्या 4

## सरकारी नौकरी में युवाओं को 2 साल की छूट,सरकार ने एज लिमिट बढ़ाई,करीब सवा लाख वैकेंसी में मिलेगा सीधा बेनिफिट

**जयपुर(हमारा वतन)।** सरकारी नौकरी के लिए कॉम्पिटिशन की तैयारी कर रहे कैंडिडेट्स को अब अपर एज लिमिट में दो साल की छूट मिलेगी। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने कोरोना के कारण सरकारी भर्तियों के लिए दो साल परीक्षाएं नहीं होने का हवाला देकर दो साल की छूट देने की घोषणा की है। राज्य में आने वाली सभी प्रतियोगी परीक्षाओं में ये छूट देने का फैसला किया है। बताया जा रहा है कि सीएम की इस घोषणा आने वाली एग्जामों में करीब दस लाख कैंडिडेट्स को फायदा मिल सकता है। बूंदी के हिंडौली में विकास कामों के शिलान्यास-लोकार्पण समारोह में सीएम गहलोत ने कहा कि- 2013 में केदारनाथ हादसे में मरने वाले और लापता लोगों के परिजनों को भी नौकरी दी जाएगी।गहलोत ने



सभा के बाद में दोनों घोषणाओं के बारे में ट्वीट भी किए। गहलोत ने कहा कि कोविड के कारण दो साल तक नौकरी के लिए प्रतियोगी परीक्षाएं समय पर आयोजित नहीं हो सकीं। इसलिए अगली एग्जामों में कैंडिडेट्स को ऊपरी आयु सीमा में दो साल की छूट मिलेगी।

**10 लाख कैंडिडेट्स को बेनिफिट**

एजुकेशन एक्सपर्ट के अनुसार मुख्यमंत्री की इस घोषणा का फायदा इस साल व अगले साल होने वाली भर्तियों में करीब 10 लाख कैंडिडेट्स को होगा। ये हैं बड़ी भर्तियां-

- **राजस्थान कर्मचारी चयन बोर्ड की 50 हजार भर्तियां।**
- **रीट की 46,500 पोस्ट।**

इसके अलावा एजुकेशन, पुलिस, कृषि व आरपीएससी की होने वाली एग्जाम में कैंडिडेट्स को दो साल की छूट मिलेगी।

**511 परिवारों को भी नौकरी**

गहलोत ने लिखा- साल 2013 की केदारनाथ त्रासदी में जान गंवाने वाले और लापता हुए लोगों के परिजनों को सरकारी नौकरी दी जाएगी। राजस्थान के ऐसे 511 लोग हैं। अब उन पीड़ित परिवारों से एक-एक व्यक्ति को उसकी योग्यता के हिसाब से सरकारी नौकरी दी जाएगी। यह नौकरी अनुकंपा कैटेगरी में दी जाएगी।



## रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा आयोजित हुआ मेहंदी व फैंसी ड्रेस कंपटीशन

**पानीपत (हमारा वतन)** । रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी द्वारा श्री आर के पब्लिक सीनियर सेकेंडरी स्कूल रिफायनरी रोड पानीपत में मेहंदी कंपटीशन, फैंसी ड्रेस कंपटीशन करवाया गया। तीज के त्यौहार के उपलक्ष में नाच गाने के साथ बच्चों का उत्साह बढ़ाया गया।

रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी के द्वारा प्रथम स्थान पर आने वाले बच्चों को मेडल व ट्रॉफी देकर पुरस्कृत किया गया। जिसमें स्कूल के प्रधानाचार्य कमला शर्मा, सोसायटी की प्रधान काजल शर्मा व महासचिव पंकज शर्मा,विद्यालय से अंकित शर्मा, संतोष, अंकिता व सीमा, शाल्लू जांगड़ा, आदि भारद्वाज, शशि मान ने मिलकर कार्यक्रम में उत्साह व जोश भर दिया । रुद्रा वेलफेयर सोसायटी के महासचिव पंकज शर्मा ने बताया कि उनकी सोसाइटी का एक ही प्रयास है युवाओं का विकास व सांस्कृतिक कार्यक्रमों से बच्चों को जोड़कर रखने के लिए रुद्रा वेलफेयर सोसाइटी हमेशा देश भर में ऐसे कार्यक्रम करती रहेगी।

## मोरीजा में अनिश्चितकालीन शांति धरना प्रदर्शन 16 वें दिन भी जारी



**जयपुर (हमारा वतन)।** ग्राम पंचायत मोरीजा के बस स्टैंड स्थित सामुदायिक भवन में जेडीए द्वारा चौमूं नगरपालिका को सीवरेज ट्रीटमेंट प्लांट लगाने के लिए दिए गए पट्टे के विरोध में ग्रामीणों व समिति के सदस्यों द्वारा अनिश्चितकालीन शांति धरना प्रदर्शन 16 वें दिन भी समिति के अध्यक्ष मंगल चंद सैनी के सानिध्य में जारी रहा। धरने में ग्रामीणों द्वारा जेडीए द्वारा दिए गए पट्टे को निरस्त करवाने के लिए विरोध प्रदर्शन किया ।

ग्रामीणों ने कहा कि जब तक पट्टा निरस्त नहीं होगा तब तक धरना चालू ही रहेगा । धरने में समिति कोषाध्यक्ष व उपसरपंच सुदर्शन शर्मा, अशोक कुमार मीणा पूर्व कृषि मंडी सदस्य, पूर्व छात्रसंघ अध्यक्ष अनुपम आत्रेय, दानाराम सैनी, वार्ड पंच कन्हैया लाल सैनी, ओमप्रकाश काबरा, दिनेश सैनी, रामकिशोर मीणा, श्याम मल सैनी, मुकेश बागोरिया, बंशीधर धोबी, राजेंद्र पारीक, कमल सेन, सोनू गुर्जर, सुल्तान गुर्जर, सुनील सैनी, बाबूलाल जाट, मुकेश मेहता, जगदीश सैनी, रामनारायण आर्यन स्वामी, सत्यनारायण सेन, सुरेंद्र राय, सांवरमल सांवरिया, दिनेश गुरु व ग्रामीण जन उपस्थित रहे।



## मुख्यमंत्री ने तेज गेंदबाज भरत सिंह का किया उत्साहवर्धन

### एसएमएस स्टेडियम की क्रिकेट एकेडमी में मिलेगा प्रशिक्षण

जयपुर(नि.सं.)। मुख्यमंत्री अशोक गहलोत ने राजसमंद जिले के गांव मोजावतों का गुड़ा निवासी और प्रतिभाशाली युवा तेज गेंदबाज भरत सिंह खरवड़ का उत्साहवर्धन किया। उन्होंने मुख्यमंत्री निवास पर प्रदेश के उभरते हुए गेंदबाज और उनके परिजनों से मुलाकात करते हुए वर्तमान प्रशिक्षण की जानकारी ली। उन्होंने कहा कि सवाई मानसिंह स्टेडियम में संचालित क्रिकेट एकेडमी में विशेषज्ञ प्रशिक्षकों से प्रशिक्षण दिलाकर हुनर को निखारा जाएगा। प्रशिक्षण के साथ रहने-खाने सहित सभी सुविधाएं भी उपलब्ध कराई जाएगी। मुख्यमंत्री निवास पर मुलाकात के अवसर पर राजस्थान क्रिकेट एकेडमी (आरसीए) के अध्यक्ष वैभव गहलोत, गेंदबाज के पिता कालू सिंह, मामा गणेश कड़ेचा और पीटीआई लक्ष्मण गुर्जर उपस्थित रहे।

## इस स्वतंत्रता दिवस हर घर तिरंगा फहराए जाने का आह्वान

**जयपुर (हमारा वतन)।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की ओर से आजादी के अमृत उत्सव वर्ष में हर घर तिरंगा फहराया जाने का आह्वान किया गया है, जिसके लिए तिरंगे झंडे की बहुत अधिक मांग है। इस मांग की पूर्ति के लिए जयपुर ग्रामीण डाक मंडल के प्रत्येक डाकघर के माध्यम से जनता जनार्दन के लिए 1अगस्त से तिरंगा उपलब्ध करवाया जा रहा है। यद्यपि हमारा प्यारा झंडा अमूल्य है, लेकिन जनता जनार्दन को इसके प्रति अपनी भावना दिखाने के लिए भारतीय डाक विभाग ने इसके लिए टोकन मनी मात्र 25 रु. रखी है। प्रत्येक पोस्टमैन को भी यह झंडे जनता जनार्दन में बेचने के लिए उपलब्ध कराए जाएंगे । जनता का कोई भी आदमी पोस्टमैन से भी तिरंगा खरीद सकता है या अपने निकटतम डाकघर में जाकर के मात्र 25 रु. में झंडा ले सकता है। जयपुर देहात मंडल ने लगभग 85,000 झंडे जनता जनार्दन को बेचने का लक्ष्य रखा है। जयपुर ग्रामीण डाक मंडल के डाक अधीक्षक मोहन सिंह मीणा ने बताया कि आमजन को 1 अगस्त से कपड़े का तिरंगा झंडा उपलब्ध कराया जाएगा । जयपुर ग्रामीण मंडल में 730 डाकघर है जहां तिरंगे झंडे जनता को बेचने के लिए उपलब्ध करवाए जाएंगे। जनता में तिरंगे झंडे की बहुत अधिक मांग है अतः पहले आओ पहले पाओ के आधार पर तिरंगे बेचे जा रहे हैं ।



## शिव महापुराण कथा के पांचवें दिन लगाए पंच पल्लव

**जयपुर (हमारा वतन)।** कस्बे के ग्राम इटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर में आयोजित हो रही सात दिवसीय संगीतमय श्री शिव महापुराण कथा के पंचम दिन श्री गिरधरदास जी महाराज पान वाले बाबा के सानिध्य में स्व. रूपसिंह नाथावत की पुण्य स्मृति में उनकी धर्मपत्नी संतोष कंवर नाथावत ने पांच पेड़ श्री राजपूत मोक्ष धाम स्थित संज्या सती माता मंदिर प्रांगण में लगाए। ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साई मंदिर के महंत पृथ्वी सिंह नाथावत ने संकल्प लिया कि आखरी साँस तक में इन वृक्षों की रक्षा करूँगा ।



इस मौके पर आस पास के गाँवों की महिलाएं और ग्रामीण जन उपस्थित रहे ।

लोनिया हॉस्पिटल एंड फर्टिलिटी सेंटर
कचौलिया रोड, मगध नगर, बचपन स्कूल के पास चौमूं, जयपुर



क्या आप अभी तक मातृत्व सुख से वंचित हैं ? तो हमसे मिलें !
सुरक्षित नॉर्मल, सिजेरियन डिलीवरी



निदेशक
डॉ.धर्मराज सिंह लोनिया
24 घंटे इमरजेंसी सुविधा
निःसंतानता अब अभिशाप नहीं, पाएँ मातृत्व का सुख !
संपर्क - 9636247286, 9928747286
फ्री परामर्श
सभी प्रकार की जांच और दवाइयों पर 20 प्रतिशत की छूट

# चौमूं का इतिहास

गतांक से आगे.....



भाग 14

कहा जाता है कि गढ़ के परकोटे की दीवार के बीच में होने से उसे कई बार हटवाया भी था, किंतु वह गया नहीं खड़ा रहा। अतः शुभकामना के अनुरोध और इतिहास की दृष्टि से उसका रहना ही अच्छा है बल्कि उसे सुरक्षित रखना भी आवश्यक है। क्योंकि चौमूंहागढ की स्थापना उसी पर हुई है। ठाकुर करण सिंह कांगड़ा के युद्ध में वीरगति को प्राप्त हुए थे। तत्पश्चात उनकी पत्नी सती हो गई थी। उनकी स्मृति में चौमूं में एक छतरी आज भी बनी हुई है। करण सिंह ने चौमूं में पीहलाकुआ जो पहले जंगल में हुआ करता था और अब शहर में है बनवाया था। यह कुआं अत्यंत विशाल था। गांव भर में इसका पानी जाता था। कांगड़ा की लड़ाई में विजय और उसके बाद उनके देहांत पश्चात उनके बड़े पुत्र सुख सिंह चौमूं के उत्तराधिकारी बने। सुख सिंह ने अपने पिता द्वारा बनाए गए महल का विस्तार करवाया। ठाकुर सुख सिंह के स्वर्गवास होने के बाद उनके एकमात्र पुत्र रघुनाथ उनके उत्तराधिकारी बने और चौमूं की गद्दी पर विराजमान हुए। ठाकुर सुख सिंह ने बाहरी आक्रमणों से सुरक्षा हेतु चौमूं के वर्तमान किले धाराधार किले का निर्माण प्रारंभ करवाया। उन दिनों में इसे रघुनाथगढ़ कहा जाता था। उनके बाद उनके पुत्र मोहन सिंह ने उसको कई हजार वर्ग फीट भूमि के विस्तार में संपन्न करवाया और चारों ओर गहरी पक्की खाई नहर बनवाई।



प्रिंस कुमार उप्पल (मुद्राशास्त्री) निदेशालय,पुरातत्व एवं संग्रहालय विभाग-जयपुर

शेष अगले अंक में

# सेवाकार्य के रूप में मनाया गया अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का जन्मदिन







**जयपुर (हमारा वतन)** अपनी सटीक भविष्यवाणियों से प्रसिद्ध अंतर्राष्ट्रीय भविष्यवक्ता पंडित रविंद्र आचार्य का जन्मदिन सेवा कार्य कर मनाया गया। जानकारी के अनुसार सर्वप्रथम पंडित रविंद्र आचार्य ने अपने माता-पिता के चरण स्पर्श कर आशीर्वाद लिया, फिर गढ़ गणेश मंदिर में गणेश जी के दर्शन कर देश की खुशहाली की प्रार्थना की ,उसके बाद गायों को हरा चारा खिलाया, जाहोता में पौधारोपण किया, फिर साधु संतों का आशीर्वाद लिया और अंत में गरीबों को भोजन वितरण किया। पंडित रविंद्र आचार्य ने कहा कि लोग जन्मदिन पर पाश्चात्य संस्कृति का अनुसरण करते करते हैं और मोमबत्ती बुझाते हैं, जो भारतीय संस्कृति के अनुसार नहीं है। जन्मदिन के अवसर पर दीपक जलाने चाहिए और सेवा कार्य के रूप में अपना जन्मदिन मनाना चाहिए।

वहीं शहर के कचोलिया रोड स्थित एमडीएफसी को - ऑपरेटिव बैंक में सीईओ रविकांत शर्मा के नेतृत्व में पंडित रविंद्र आचार्य का माला पहनाकर और मिठाई खिलाकर जन्मदिन मनाया।इधर पंडित रविंद्र आचार्य के जन्मदिन पर ईटावा भोपजी स्थित श्री शिरडी साईं मंदिर के महंत पृथ्वी सिंह नाथावत ने पंडित रविंद्र आचार्य का माला और दुपट्टा पहनाकर भव्य स्वागत सम्मान किया। विराज फाउंडेशन के प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाड़ी ने पंडित रविंद्र आचार्य को माला, दुपट्टा, शाल ओढ़ाकर और माँ गायत्री की फोटो भेंटकर जन्मदिन की शुभकामनाएँ दी। इस दौरान रविकांत शर्मा, पंडित हरिओम शास्त्री, पंडित राहुल दाधीच, कैप्टन श्रीराम शर्मा,जितेन्द्र नाथावत, भूपेंद्र सिंह,रविन्द्र सिंह,पूनम शर्मा,जाहोता सरपंच श्याम प्रताप सिंह, दिनेश शर्मा, गिरधारी यादव, सीताराम यादव, जगदीश छिपा, रवि यादव, बंटी, आदर्श मिश्रा, राघवेंद्र शुक्ला आदि लोग मौजूद रहे।

## कविता (आधा)



सिद्धार्थ गोरखपुरी

जब भी इस दुनिया से मैं
खुद को साझा करता हूँ
मानो लगता है मुझको के
खुद को आधा करता हूँ
वैसे तो अपूर्ण है ही जीवन
बहुत कुछ अधूरा रहता है
तमाम ख्वाहिशें हैं मन में
कुछ आधा पूरा रहता है
सबको मुकम्मल करना है
मैं खुद से वादा करता हूँ
जब भी इस दुनिया से मैं
खुद को साझा करता हूँ
मानो लगता है मुझको के
खुद को आधा करता हूँ
दुनिया की दुनियादारी में
खुद्दारी कहीं पे खोई है
चादर ओढ़ के एकांत में जाकर
गहरी नींद में सोयी है
ताउम्र खुद्दार रहने को
मैं खुद को आमादा करता हूँ
जब भी इस दुनिया से
मैं खुद को साझा करता हूँ
मानो लगता है मुझको के
खुद को आधा करता हूँ
एकांत की चादर ओढ़ के अब तो
सो जाने का मन करता है
दुनिया से कोसों दूर कहीं
बस खो जाने का मन करता है
अब तो खुद ही बस
मैं मोहब्बत ज्यादा करता हूँ
जब भी इस दुनिया से
मैं खुद को साझा करता हूँ
मानो लगता है
मुझको के खुद को आधा करता हूँ

## तेरे साथ के भरोसे पर जी रहे हम



विनोद शर्मा वेणु बिहार

तेरे साथ के भरोसे पर जी रहे हम
तोड़ मत देना इसे मर जाएंगे हम

शिकायत हो कोई तो
मुझ से कह देना
बिन कहे दूर गये तो
किधर जाएंगे हम

जरा जरा सी बात पर यूँ
नाराज न होना
टूटा ये दिल तो बिखर जायेंगे हम

इश्क़ है तुम से मानो या ना मानो
बिन तेरे जिये तो मर जाएंगे हम

थे दीवाने तेरे है और रहेंगे हमनशीं
दूर जो हुए मुझ से पल
भर में गुजर जायेंगे हम

यादों को तेरी अपने
दिल से लगा रखा है
अब भी न आये तो दूर
चले जाएंगे हम

सुना है मुहब्बत में हर
खता माफ होती है
मेरी इक खता तो
बता माफी मांग लेंगे हम
इन आँखों के साथ
दिल अश्क बहाता है वेणु
एक बार कह तो दो चले आएंगे हम

# अनुज शर्मा को मिला पाई द चेंजमेकर अवार्ड-2022 में सम्मान


**जयपुर (हमारा वतन)।** पृथ्वी अभ्युदय एसोसिएशन इंडिया ने लखनऊ स्थित महर्षि यूनिवर्सिटी ऑफ इन्फोमेंशनस टैक्नोलॉजी के सहयोग से पाई द चेंजमेकर अवार्ड -2022 समारोह व नेशनल एजुकेशन सम्मेलन का आयोजन किया।

कार्यक्रम का आयोजन पृथ्वी अभ्युदय एसोसिएशन इंडिया के संस्थापक एवं अध्यक्ष डॉ. हर्षवर्धन सिंह एवं यूनिवर्सिटी के वाइस चांसलर डा. भानु प्रताप सिंह , डा. अदनान लोधी, लक्ष्मीकांत भाटिया, डा. रतिश गुप्ता विकास नागरू, सरित घोष, डा. विनय झा, डा. अभिमन्यु मिश्रा द्वारा दीप प्रजवल्लित कर किया गया। इस सम्मान समारोह में समाजसेवी, शिक्षाविद व महात्मा




हजारीलाल मेमोरियल ट्रस्ट के राष्ट्रीय अध्यक्ष अनुज शर्मा को व उनकी ट्रस्ट के द्वारा आर्थिक स्थिति से कमजोर वर्ग के बच्चो को आईआईआईटी - नीट की कोचिंग नि:शुल्क मे उपलब्ध कराने व झुग्गी - झोपड़ियों ओर सड़को पर भीख मांग रहे छोटे बच्चो को अपनी और अपनी ट्रस्ट की पाठशाला के माध्यम से शिक्षित करने के लिए राष्ट्रीय शिक्षा निर्माता परिवर्तन पुरुस्कार 2022 से सम्मानित किया गया।

## अजय चौहान ने वाहन चालक भीकाराम को सेवानिवृत्त होने पर दी बधाई



**जालोर (हमारा वतन)।** जन स्वास्थ्य अभियांत्रिकी विभाग कार्यालय में एक विदाई समारोह कार्यक्रम का आयोजन किया गया।

इस विदाई समारोह में भीकाराम वाहन चालक 42 वर्ष 5 माह 11 दिन के कार्यकाल में उपरांत सेवानिवृत्त हुए। उनका कार्यकाल बहुत सराहनीय रहा है। भीकाराम ने अपने कार्य को हमेशा पूरी लग्न व ईमानदारी से किया है। इस अवसर पर भीकाराम को राजस्थान राज्य कर्मचारी संघ जालोर के जिलाध्यक्ष अजय चौहान ने फूल माला पहनाकर बधाई दी। इस अवसर पर भारी संख्या में कर्मचारी उपस्थित रहे।



## नर्सिंग ऑफिसर प्रवीण सैनी बने प्रदेश मंत्री

**जयपुर (हमारा वतन)।** सामुदायिक चिकित्सा केंद्र चौमूं में कार्यरत नर्सिंग ऑफिसर प्रवीण सैनी को राजस्थान राज्य नर्सेज एसोसिएशन एकीकृत का प्रदेश मंत्री नियुक्त किया गया है। एसोसिएशन के प्रदेश अध्यक्ष राजेंद्र सिंह राणा ने संगठनात्मक गतिविधियों के सुचारू संचालन हेतु प्रदेश कार्यकारिणी की नियुक्ति की है।

## विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस मनाया

**उत्तराखंड (हमारा वतन)।** राजकीय उच्च माध्यमिक विद्यालय बिझौली में विश्व प्रकृति संरक्षण दिवस के अवसर पर विद्यालय परिसर में वृक्षारोपण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस अवसर पर कार्यक्रम के संयोजक अशोक पाल सिंह पर्यावरण मित्र द्वारा ग्रामीणों को 50 पौधे भेंट किए गए। इस अवसर पर प्रधानाचार्य नीरज कमल कांत बरुआ, मोहर सिंह, सुधीर सैनी, प्रतिभा, अमन, अतुल ,आसिफ, जावेद ने प्रतिभाग लिया। लोगों को संदेश दिया गया की प्रकृति को दूषित होने से बचाने का सभी मिलकर प्रयास करें।




# रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन के रक्तवीरों ने फिर बचाई जान



**जयपुर (हमारा वतन)।** रक्तदान जीवनदान फाउंडेशन संयोजक मोहन लाल शेखावाला ने बताया कि बैरवा समाज कि एक गरीब महिला पेशेंट के लिए फाउंडेशन की ओर से राधेकृष्ण नवयुवक मंडल बांदीकुई प्रभारी लक्की पटवा बांदीकुई ने अपने जीवनकाल का 12 वां तथा रवि सैनी बांदीकुई ने अपने जीवन का 13 वां रक्तदान किया। पेशेंट के परिजनों ने व फाउंडेशन के सभी सदस्यों ने रक्तदाताओं का आभार व्यक्त किया।

रक्तवीरों ने महिला पेशेंट का जीवन बचाने के लिए बांदीकुई से दौसा सरकारी हॉस्पिटल में आकर रक्तदान किया।

## जॉब्स

1. आरआरसीएटी, पद ट्रेड अप्रेंटिस, पद संख्या 113, अंतिम तिथि 17 अगस्त 2022
2. उत्तर प्रदेश एनएचएम, पद सी एच ओ, पद संख्या 5000, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2022
3. राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन (RPSC), पद सीनियर फिजिकल एजुकेशन टीचर, पद संख्या 461, अंतिम तिथि 13 अगस्त 2022
4. राजस्थान पब्लिक सर्विस कमिशन (RPSC), पद प्रोटेक्शन ऑफिसर, पद संख्या 4, अंतिम तिथि 9 अगस्त 2022
5. आइटीबीपी, पद सब इंस्पेक्टर ओवरसीर, पद संख्या 37, अंतिम तिथि 14 अगस्त 2022
6. बीएसएफ, पद हेड कांस्टेबल, एएसआई, पद संख्या 323, अंतिम तिथि 30 अगस्त 2022
7 डीएसएसएसबी, पद टीजीटी, टीजीटी टीचर, पद संख्या 547, अंतिम तिथि 27 अगस्त 2022
8 पीडीआईएल, पद डिप्लोमा इंजीनियर, डिग्री इंजीनियर, पद संख्या 132, अंतिम तिथि 28 अगस्त 2022




## कंगना रनौत की सस्ती कॉपी हैं तापसी पन्नू, इस कमेंट पर बोलीं एकता कपूर- दोनों को भिड़वाना....

तापसी पन्नू की अपकमिंग थ्रिलर दोबारा के दौरान प्रोड्यूसर एकता कपूर मौजूद थीं। एकता कंगना रनौत के साथ भी काम कर चुकी हैं। वहीं तापसी और कंगना की राइवलरी से हर कोई वाकिफ है। कंगना रनौत कई बार तापसी पर निशाना साध चुकी हैं। उनकी बहन रंगोली ने तापसी को कंगना की सस्ती कॉपी भी कहा था। ट्रेलर लॉन्च इवेंट के दौरान कंगना से पूछा गया कि उन्हें तापसी पन्नू और कंगना रनौत में क्या समानता दिखती है। इस पर एकता ने सॉलिड जवाब दिया।



**तापसी को कई बार घेर चुकी हैं कंगना**- कंगना रनौत और तापसी पन्नू दोनों जबरदस्त ऐक्ट्रेसस हैं। हालांकि दोनों के बीच कुछ खास नहीं बनती। कंगना कई बार उनको निशाने पर ले चुकी हैं। तापसी और कंगना दोनों की हालिया रिलीज फिल्में धाकड़ और शाबाश मिथु फ्लॉप रहीं। कंगना रनौत एकता कपूर के साथ काम कर चुकी हैं। वहीं तापसी दोबारा में काम कर रही हैं जिसकी प्रोड्यूसर एकता हैं। कंगना तापसी की सस्ती कॉपी हैं, इस कमेंट को लेकर दोबारा के ट्रेलर लॉन्च के दौरान एकता से पूछा गया कि उन्हें तापसी और कंगना में क्या समानता दिखती है?


**बोलीं- दोनों हैं गजब की ऐक्ट्रेस**-इस सवाल पर एकता कपूर ने जवाब दिया, सिर्फ एक समानता है, दोनों नई राह बनाने वाली जबरदस्त ऐक्ट्रेसस हैं। उन दोनों को भिड़वाना हमारा या आपका काम नहीं। हम महिलाएं हैं, हम एक-दूसरे का क्राउन संभालते हैं न कि गिराते हैं। एकता बोलीं कि इतनी अच्छी ऐक्ट्रेसस के साथ काम करना बहुत अच्छा है। कंगना और तापसी दोनों गजब की ऐक्ट्रेसस हैं।

**कंगना बोल चुकी हैं बी ग्रेड ऐक्ट्रेस**-बता दें कि कंगना अपने सोशल मीडिया पर तापसी को कई बार बी ग्रेड ऐक्ट्रेसस कह चुकी हैं। बीते साल तापसी की साड़ी में एक तस्वीर वायरल हुई थी। इसे देखकर कंगना की बहन रंगोली ने उन्हें सस्ती कॉपी बताया था। तापसी ने भी एक इंटरव्यू में कहा था कि वह कंगना को अपने आसपास नहीं देखना चाहतीं। तापसी ने कहा था, मेरी जिंदगी में उनकी कोई अहमियत नहीं।

## रुबीना दिलैक कर रहीं पति के साथ टाइम स्पेंड, बीच पर ही करने लगे रोमांस


**रुबीना दिलैक टीवी की पॉपुलर एक्ट्रेस हैं। फैंस उन्हें बहुत पसंद करते हैं। रुबीना की सोशल मीडिया पर भी जबरदस्त फैन फॉलोइंग है। अब रुबीना ने पति अभिनव के साथ रोमांटिक फोटोज शेयर की हैं।**

टीवी की छोटी बहू और किन्नर बहू से पॉपुलर रुबीना दिलैक सोशल मीडिया पर काफी एक्टिव रहती हैं। वह अपनी ग्लैमरस फोटोज शेयर करती रहती हैं। रुबीना हाल ही में खतरों के खिलाड़ी की शूटिंग करके भारत लौटी हैं। वापस आने के बाद रुबीना अब पति अभिनव शुक्ला के साथ रोमांटिक टाइम स्पेंड कर रही हैं। रुबीना और अभिनव ने समुद्र के पास से रोमांटिक फोटोज शेयर की हैं। दोनों की फोटोज को सोशल मीडिया पर बेहद पसंद किया जा रहा है। सभी दोनों को हॉट कपल बता रहे हैं। इस दौरान रुबीना ने सी ग्रीन कलर की बिकिनी पहनी हैदोनों की फोटोज देखकर क्लीयर हो रहा है कि इतने दिनों बाद मिलने के बाद दोनों एक-दूसरे के साथ समय बिताकर काफी एंजॉय कर रहे हैं।रुबीना ने इसके अलावा अपना भी एक वीडियो शेयर किया है जिसमें वह अपने हॉट अंदाज दिखा रही हैं।रुबीना के बारे में बता दें कि फिलहाल वह शो खतरों के खिलाड़ी में नजर आ रही हैं। शो में रुबीना अपने स्टंट्स से फैंस का दिल जीत रही हैं। अब तक टीवी पर बहू के रूप में दिखने वालीं रुबीना का ये खिलाड़ी अवतार काफी पसंद किया जा रहा है। रुबीना, शो की स्ट्रॉन्ग कंटेस्टेंट्स में से एक हैं। रुबीना जब वहां स्टंट कर रही थीं तब अभिनव ने उन्हें पूरा सपोर्ट किया। रुबीना को लेकर अभिनव, एयरपोर्ट पर भी गए थे और दोनों ने एक-दूसरे को मिलकर टाइट हग कर लिया था। बता दें कि रुबीना और अभिनव ने साल 2018 में शादी की थी। हाल ही में दोनों ने शादी की चौथी सालगिरह सेलिब्रेट की। दोनों साथ में बिग बॉस 14 में नजर आए थे।



## जाह्नवी कपूर के होने वाले पति के लिए पापा बोनी ने रखी है बड़ी दिलचस्प मांग

जाह्नवी कपूर बॉलीवुड की यंग, टैलेंटेड और खूबसूरत एक्ट्रेसेस में से एक हैं। जाह्नवी की फैन फॉलोइंग तेजी से बढ़ती जा रही है। इन दिनों जाह्नवी अपनी अपकमिंग फिल्म गुड लक जेरी के प्रमोशन में बिजी हैं। इस फिल्म का ट्रेलर कुछ दिनों पहले रिलीज हुआ था जिसे काफी अच्छा रिस्पॉन्स मिला था। एक्ट्रेस फिलहाल फिल्म का जोर-शोर से प्रमोशन कर रही हैं। अब इसी बीच एक्ट्रेस ने अपनी पर्सनल लाइफ को लेकर बात की है। जाह्नवी ने बताया कि उनके पिता बोनी कपूर ने उनके दूल्हा के लिए क्या-क्या एक्सपेक्टेशन रखी हैं, मतलब जाह्नवी ने अपने होने वाले दूल्हे के लिए जरूरी मैसेज दिया है। जाह्नवी ने कहा जब हम बच्चे थे तब वह मुझसे और खुशी से कहते थे कि तुम्हारी शादी जब हो तब मैं चाहता हूं कि तुम अपने पार्टनर से कहो कि मेरे पापा ने मुझे पूरी दुनिया घुमाई है, तुमसे शादी करने से पहले। वह कुछ भी ऐसा नहीं रखना चाहते जिसे सामने वाला करे। जाह्नवी ने आगे कहा, अब मुझे एहसास हुआ कि उन्होंने ऐसा इसलिए किया ताकी जिससे भी हम शादी करें, वह हमें वैसा रखे जैसे हमारे पिता ने हमें रखा है।



# बढ़ते बच्चों की इम्यूनिटी मेंटेन करने के लिए हमेशा याद रखें ये इफेक्टिव टिप्स

बच्चों के इम्यून सिस्टम का मजबूत होना बहुत जरूरी है। शुरुआत से ही बच्चों की ग्रोथ पर ध्यान न देना आगे चलकर उन्हें कई तरह की स्वास्थ्य जोखिमों में डाल सकता है।मानसून के इस मौसम में हार्मफुल बैक्टीरियाज और जर्म पूरी तरह एक्टिव हो जाते हैं। ऐसे में स्कूल से आने जाने के दौरान या फिर बाहर खेलते वक्त बच्चों के संक्रमित होने की संभावना बनी रहती है। हालांकि, बात केवल मॉनसून कि नहीं कोविड-19 के समय आई महामारी ने कई लोगों को बुरी प्रभावित किया परंतु जिनका इम्यून सिस्टम मजबूत था कहीं न कहीं वह सेफ जोन में थे। खासकर ग्रोइंग बच्चों के इम्यून सिस्टम ) पर काम करना बहुत जरूरी है। यदि शुरुआत से शरीर पर पूरी तरह ध्यान दिया जाए तो आगे चलकर किसी भी समस्या से लड़ने में आसानी होती है।आजकल के पेरेंट्स छोटी-छोटी बातों पर डॉक्टर से सलाह लेकर बच्चों को दवाइयां देना शुरू कर देते हैं। परंतु क्या आपको पता है इन दवाइयों से होने वाले साइड इफेक्ट के बारे में? इतनी कम उम्र में केमिकल युक्त दवाइयों का सेवन आपके बच्चों की इम्यूनिटी को स्ट्रांग करने की जगह और ज्यादा कमजोर कर देता है।यदि शुरुआत से ही उन्हें अच्छी डाइट और एक सही रूटीन की आदत बनाई जाए तो कई स्वास्थ्य जोखिमों की संभावना खुद-ब-खुद कम हो जाती है। इसलिए आज हम लेकर आए हैं, आपके ग्रोइंग चाइल्ड की इम्युनिटी को मेंटेन रखने के लिए कुछ जरूरी और आसान टिप्स।



**1. अपने बच्चों को एक हेल्दी डाइट दें**- बच्चों के लिए हेल्दी डाइट काफी ज्यादा जरूरी होता है। ऐसे में उनके आहार में पोषक तत्वों से युक्त फल और सब्जियों को शामिल करना न भूलें। गाजर, हरी बीन्स, संतरा और स्ट्रॉबेरी में कैरोटीनॉयड पाया जाता है, जो इम्यूनिटी बूस्टिंग फाइटोन्यूट्रिएंट्स के रूप में जाने जाते हैं।फाइटोन्यूट्रिएंट्स बॉडी मे व्हाइट ब्लड सेल्स के प्रोडक्शन को बढ़ाता है और यह इन्फेक्शन और अन्य बीमारियों से लड़ने में मदद करते हैं। इसके साथ ही डेयरी प्रोडक्ट्स को नियमित आहार में शामिल करें। इससे उन्हें कैल्शियम मिलता है और उनके हड्डियों की ग्रोथ भी बेहतर तरीके से हो पाती है।

**2. पर्याप्त नींद लेना है जरूरी**-पर्याप्त नींद शरीर को रिचार्ज कर देती है और बच्चों को पूरे दिन रिफ्रेश और एक्टिव रहने में मदद करती है। वहीं बच्चों के नींद का समय उम्र के साथ बदलता रहता है। बच्चों को समय से सुलाने के लिए रात को मोबाइल फोन से दूर रखने का प्रयास करें। इसके साथ ही पूरे दिन की स्क्रीन टाइमिंग को सीमित कर दें।

## क्या पीरियड्स के दौरान बाल धोने से मां बनने में दिक्कत आती है? आइए जानते हैं इसका जवाब

पीरियड्स के आसपास इतने सारे मिथ और गलतफहमियां हैं कि कभी-कभी लगता है कि हम किस युग में जी रहे हैं। पीरियड्स में बाल धोना भी उन्हीं में से एक है। डियर लेडीज़ क्या आपके मन में भी यह सवाल आता है कि पीरियड्स के दौरान बालों को धोया जा सकता है या नहीं? अगर हां, तो आपके इस सवाल का जवाब दे रहीं हैं डॉक्टर क्यूटरस। डॉक्टर क्यूटरस के अनुसार, मासिक धर्म के दौरान बालों को धोने से कोई साइड इफेक्ट नहीं होता। इसलिए इस दौरान बालों को धोने से जुड़ी सारी बातें सिर्फ मिथ्स हैं।

**क्या हैं पीरियड्स से जुड़े मिथ्स** -पीरियड्स से जुड़ी कई बातें आपने भी सुनी होंगी जैसे पीरियड्स के दौरान खट्टा खाना न खाएं, पीरियड्स के दौरान महिलाओं का अशुद्ध खून बहता है, यदि आप मेंस्ट्रुअल कप का उपयोग करती हैं तो आपका कौमार्य भंग हो सकता है आदि। इन सभी बातों के अतिरिक्त पीरियड्स से जुड़ा एक और मिथ है कि महिलाओं को मासिक धर्म के दौरान अपने बाल नहीं धोने चाहिए क्योंकि इससे उनके गर्भधारण की संभावना प्रभावित हो सकती है। चलिए जानें क्या है इसके पीछे का सच। हम जानते हैं कि इन भ्रामक अवधारणाओं का जन्म आमतौर पर तब होता है जब दादी, नानी या कोई अन्य बुजुर्ग महिला मासिक धर्म के दौरान महिलाओं को कुछ गतिविधियों में शामिल होने से मना करती हैं। इस अवधि के दौरान अपने बाल नहीं धोना भी उन प्रतिबंधों का एक हिस्सा है। क्या आप पीरियड्स पर अपने बाल धो सकती हैं? जवाब है, 'हां'!




## लॉर्ड्स में खेले जाएंगे WTC-2023, 2025 के फाइनल:ICC बोर्ड ने दोनों खिताबी मुकाबलों के लिए ऐतिहासिक मैदान को चुना

**बर्मिंघम।** क्रिकेट का मक्का कहा जाने वाला लॉर्ड्स का ऐतिहासिक मैदान वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के 2 फाइनल मुकाबलों का गवाह बनेगा। यहां 2023 और 2025 की वर्ल्ड टेस्ट चैंपियनशिप के फाइनल मुकाबले खेले जाएंगे। ICC बोर्ड ने लॉर्ड्स को फाइनल वेन्यू के तौर पर चुना है। दुनिया में क्रिकेट संचालित करने वाली संस्था ने यह घोषणा की है।



ICC ने कहा है कि कई कारकों को ध्यान में रखते हुए हमने लंदन के ऐतिहासिक क्रिकेट ग्राउंड को क्रिकेट के शिखर इवेंट के फाइनल की मेजबानी के लिए चुना है।यहां बता दें कि लॉर्ड्स WTC के पहले सीजन के फाइनल के लिए पहली पसंद था। लेकिन, यह आयोजन वहां नहीं हो सका। **न्यूजीलैंड ने जीता पहला खिताब**- WTC के पहले सीजन का फाइनल मैच साउथैम्पटन के रोज बाउल में हुआ था। उस खिताबी मैच में भारत का सामना न्यूजीलैंड से हुआ था और फाइनल मैच केन विलियम्सन की कप्तानी वाली न्यूजीलैंड की टीम ने जीतकर इतिहास रचा था।

**अभी डेट की घोषणा नहीं**×हालांकि, ICC ने अगले साल होने वाला WTC फाइनल मुकाबले की तारीखों का ऐलान किया है। ऐसा माना जा रहा है कि पिछली बार की तरह इस बार भी जून के महीने में इसका आयोजन हो सकता है। जल्द फ्यूचर टूर प्रोग्राम, यानी FTP जारी की जाएगी, जिसमें इसकी पुष्टि होगी कि इसका आयोजन कब होगा।

## राहुल द्रविड़ बोले- मुझे एहसास हो गया था कि मैं वीरेंद्र सहवाग और सचिन तेंदुलकर की तरह नहीं बन सकता

**नई दिल्ली।** एक समय था जब भारतीय क्रिकेट में राहुल द्रविड़ धैर्य का पर्याय थे। उन्हें टेस्ट क्रिकेट में भारत की दीवार कहा जाता था। राहुल द्रविड़ के समय टीम का हिस्सा वीरेंद्र सहवाग, सचिन तेंदुलकर, सौरव गांगुली और वीवीएस लक्ष्मण जैसे बल्लेबाज थे। इनमें द्रविड़ एक ऐसे बल्लेबाज थे, जिनकी शैली बाकी बल्लेबाजों से अलग थी। विपक्षी टीम के गेंदबाज भी उनसे परेशान रहते थे, क्योंकि स्कोरबोर्ड पर कोई हरकत नहीं होती थी और द्रविड़ भी आक्रमक नहीं होते थे।इन द जोन पॉडकास्ट में ओलंपिक गोल्ड मेडलिस्ट अभिनव बिंद्रा के साथ बात करते हुए कहा, अगर मैं अपने करियर को पीछे मुड़कर देखता हूं, तो वह (ऊर्जा को चैनलाइज करना) एक गेम-चेंजर था।



## टी20 वर्ल्ड कप 2022 में क्यों विराट कोहली का खेलना है टीम इंडिया के लिए जरूरी

**नई दिल्ली।** विराट कोहली इन दिनों आउट ऑफ फॉर्म चल रहे हैं। फिर भी भारतीय टीम टीम के लिए यह जरूरी होगा की उन्हें टी 20 वर्ल्ड कप 2022 के लिए स्क्वॉड में शामिल किया जाए। कोहली कभी भी फॉर्म में लौटने का पोटेंशियल रखते हैं और उन्होंने कई बार ऐसे करके दिखाया भी है। विराट कोहली ने बीते कुछ सालों में कई रिकॉर्ड्स अपने नाम किए हैं इसलिए टी 20 वर्ल्ड कप में भारतीय टीम को उनके बिना खेलना काफी मुश्किल पड़ सकता है। विराट बड़े मैच विजेता के रूप में देखे जाते हैं और उनके पास आईसीसी टूर्नामेंट्स में खेलने का सबसे ज्यादा अनुभव भी है।

**अपार अनुभव**-2010 से लेकर अबतक विराट कोहली ने 99 टी-20 इंटरनेशनल मैच खेले हैं। भारत की ओर से सबसे ज्यादा टी20 इंटरनेशनल मैच खेलने के मामले में वह रोहित शर्मा के बाद दूसरे नंबर पर हैं।

हमारा वतन
खबरों, विज्ञापन एवं सदस्यता के लिए सम्पर्क करें ।
Email-
hamarawatan65@gmail.com
9214996258, 7014468512

हमारा वतन साप्ताहिक
HamaraWATANWeekly संस्थापित 1965 ہمارا وطن ہفت روزہ
राष्ट्रीय विचारधारा की सर्वोत्तम अभिव्यक्ति का प्रतीक

क्या ख़ाक़ लिखे कोई, बरगश्ता ज़माना है,
कांटों पै भी चलना है, दामन भी बचाना है।

# तरक्की बांटिए,मुफ्त की रेवड़ियां नहीं

पिछले दिनों अपने एक संबोधन में प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने 'रेवड़ी' यानी मुफ्त वाली योजनाओं की संस्कृति पर अपनी पीड़ा जाहिर की थी। यह बहस अर्थशास्त्रियों की व्यापक चिंता के बाद शुरू हुई है। इसमें राज्यों की अर्थव्यवस्था पर रिजर्व बैंक द्वारा हाल ही में जारी रिपोर्ट भी शामिल है, जिसमें इस दोषपूर्ण नीति के कारण राज्यों की खस्ता होती आर्थिक हालत और गहराते ऋण संकट का जिक्र किया गया है। इससे पहले, 19 अप्रैल को 'दिल्ली स्कूल ऑफ इकोनॉमिक्स' के सालाना जलसे में कहा था कि ये रेवड़ियां 'ऐसी हैं, जो कुछ चुकाए बिना आपको दी गई हैं, विशेष रूप से आपका समर्थन हासिल करने के लिए या इसकी अपेक्षा में'। यह विडंबना ही है कि बहुत पहले अल्बर्ट आइंस्टीन ने कहा था, कभी-कभी लोग उन चीजों की सबसे अधिक कीमत चुकाते हैं, जो उन्हें मुफ्त में मिलती हैं। जाहिर है, आइंस्टीन ने जो कहा था, उसके गहरे निहितार्थ हैं। दरअसल, 'फ्रीबीज कल्चर' के गंभीर नतीजों के कारण ही प्रधानमंत्री ने चिंता जताई है। इस लोक-लुभावन संस्कृति ने भारत की राष्ट्रीय-अंतरराष्ट्रीय प्रतिबद्धताओं को प्रभावित किया है। सर्वप्रथम, सतत विकास लक्ष्य की तरफ भारत के बढ़ते कदमों को बाधित करने का मुद्दा है। पेरिस जलवायु सम्मेलन (कॉप 21), अंतरराष्ट्रीय सौर गठबंधन और ग्लासगो कॉप 26 में की गई पहल पीढ़ीगत समानता की दिशा में आगे बढ़ने और तीव्र विकास पर भारत की सहमति का भी प्रतीक है। इसका पालन करने की हमारी क्षमता दूसरी बातों के साथ-साथ दो अन्य प्रतिबद्धताओं पर भी निर्भर है।एक, ऊर्जा खपत में अक्षय ऊर्जा की हिस्सेदारी बढ़ाना। मगर एक तरफ जहां मुफ्त बिजली के रूप में किसी न किसी रूप में सब्सिडी का वायदा किया जा रहा है, तो वहीं बिजली आपूर्ति करने वाली राज्यों की कंपनियों की बिगड़ती सेहत उनकी संभावनाओं को कमजोर कर रही है। क्या यह विडंबना नहीं है कि मुफ्त बिजली कभी-कभी सभी घरों, कभी वैकल्पिक, तो कभी आधे घरों को दी जाती है, बल्कि ये वायदे तभी तक कायम रहते हैं, जब तक सरकार आर्थिक झंझावातों में नहीं फंसती और इस सुविधा को वापस लेने को मजबूर नहीं होती? दिल्ली सरकार की तरफ से बिजली सब्सिडी को वैकल्पिक बनाने का फैसला काफी हद तक बढ़ती लागत के कारण लिया गया था।


राम गोपाल सैनी

## अति आवश्यक सूचना

पाठकों व विज्ञापनदाताओं से निवेदन है कि जिनका सालाना सदस्यता शुल्क व विज्ञापनों का भुगतान नहीं हो पाया है वे अपना शुल्क 'हमारा वतन वीकली के नाम से खाता संख्या 61079058819' एसबीआई (IFSC Code- SBIN0004227) में या 9214996258 पर फोन-पे, पेटीएम, गुगल-पे पर जमा कराकर सूचित करें।

- सम्पादक

पुनीत प्रतिष्ठा में :-

# विराज फाउंडेशन के पौधा रोपण एवं पौधा वितरण महोत्सव का हुआ शुभारंभ



**जयपुर (हमारा वतन)** विराज फाउंडेशन के तत्वावधान में श्याम नगर चौमूँ स्थित श्याम मंदिर परिसर में पौधा रोपण एवं पौधा वितरण महोत्सव का शुभारंभ विप्र कल्याण बोर्ड उपाध्यक्ष मंजू शर्मा राजस्थान सरकार के मुख्य आतिथ्य में और प्रदेशाध्यक्ष भुवनेश तिवाडी की अध्यक्षता में संपन्न हुआ । विशिष्ट अतिथि पार्षद रजनी शर्मा एवं अति विशिष्ट अतिथि डॉ अजीत सिंह शेखावत रहे । इस कार्यक्रम में छायादार, फलदार, फूलदार 101 पौधे वितरण किए एवं 11 पौधे लगाकर वृक्षारोपण महोत्सव का शुभारंभ किया गया। इस दौरान मंजू शर्मा ने कहा कि वृक्ष इस पृथ्वी का गहना है एवं एक वृक्ष सौ पुत्रों के समान होता है।

इस दौरान कार्यक्रम में प्रदेश महासचिव बनवारी लाल शर्मा, प्रदेश उपाध्यक्ष सी एम सैनी, प्रदेश प्रवक्ता विष्णु कुमावत, प्रदेश प्रचार प्रसार मंत्री चंद्रप्रकाश शर्मा, प्रदेश प्रवक्ता चिकित्सा प्रकोष्ठ डॉ आर एस मानावत, प्रदेशाध्यक्ष आयुष प्रकोष्ठ डॉ राम प्रकाश शर्मा, प्रदेशाध्यक्ष शिक्षा प्रकोष्ठ हरिओम शर्मा, जिला संगठन मंत्री पं रामस्वरूप शर्मा, चौमूँ नगर अध्यक्ष डॉ सीताराम कुमावत, सौरव शर्मा, राकेश शर्मा, विमल शर्मा, बाबूलाल यादव, सुनील कुमावत, अशोक जांगिड़, महेंद्र शर्मा, सुमन शर्मा, सोनी देवी, हंसा कुमावत, अनीता शर्मा, कुसुम यादव, मीनू शर्मा, सरोज सैनी, आशा शर्मा, भगवती सोनी, मुन्नी देवी जांगिड़, मीरा कुमावत आदि लोग उपस्थित रहे ।

# चौमूं डाकघर में किया वृक्षारोपण



**चौमूं (हमारा वतन)।** पर्यावरण संरक्षण के लिए रेनवाल रोड स्थित चौमूं डाकघर में पोस्ट मास्टर कैलाश चंद वर्मा के सानिध्य में वृक्षारोपण का कार्यक्रम किया गया । पोस्ट मास्टर कैलाश चंद वर्मा ने बताया कि भविष्य को सुरक्षित करने के लिए वृक्षारोपण जरूरी है । पेड़ लगाकर उसकी देखभाल करने का भी संकल्प उपस्थित लोगों को कराया ।इस दौरान मालीराम स्वामी, सुभाष शर्मा सहित कई गणमान्य व्यक्ति उपस्थित रहे ।

### सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता मंत्री टीकाराम जूली ने कहा कि

# राज्य सरकार दिव्यांगों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है

जयपुर(नि.सं.)। टीकाराम जूली ने कहा कि दिव्यांगजन समाज की एक महत्वपूर्ण कड़ी है और वह स्वयं को कमतर न आंके। राज्य सरकार दिव्यांगों के कल्याण के लिए संवेदनशीलता के साथ कार्य कर रही है। जूली यहां राजकीय राजा रामदेव पोद्दार उच्च माध्यमिक विद्यालय, गांधीनगर, जयपुर में एलिम्को द्वारा आयोजित दिव्यांगजनों को मोटराइज्ड ट्राईसाइकिल, व्हीलचेयर एवं अन्य उपकरण वितरण कार्यक्रम को संबोधित कर रहे थे। जूली ने कहा कि राज्य सरकार हर कदम पर दिव्यांगजनों के साथ खड़ी है। दिव्यांगजनों के लिए बाबा आँम्टे दिव्यांगजन विश्वविद्यालय भी जामडोली, जयपुर में प्रस्तावित है, जो बहुत ही शीघ्र शुरू किया जाएगा। उन्होंने कहा कि राज्य सरकार द्वारा दिव्यांगजनों को प्रोत्साहन हेतु सरकारी सेवाओं में आरक्षण 3 से बढ़ाकर 4 प्रतिशत किया है।

मुख्यमंत्री विशेष योग्यजन स्वरोजगार योजना के तहत रोजगार के लिए 5 लाख रुपये ऋण और 50 हजार रुपये का ब्याज अनुदान का प्रावधान किया गया। राज्य सरकार दिव्यांग विद्यार्थियों को छात्रवृति योजना के तहत दी जाने वाली सहायता राशि में भी वृद्धि की गई है।

सामाजिक न्याय एवं अधिकारिता के शासन सचिव डॉ. समित शर्मा ने दिव्यांगों को कहा कि वे स्वयं को दूसरों से अलग न समझें। उन्होंने ट्राइसाइकिल पाने वाले दिव्यांगों से कहा कि आप भी दूसरों को राज्य सरकार की योजनाओं से लाभान्वित करवाने का माध्यम बने और न केवल खुद सशक्त बनें बल्कि दूसरों को भी सशक्त बनाये और गर्व व आत्मसम्मान के साथ आगे बढ़े। उन्होंने कहा कि दिव्यांगजन समाज के सपनों को समय के अनुरूप रफ्तार देने में ये मोटराइज्ड ट्राइसाइकिल बहुत सहयोगी रहेगी।




## लघुकथा (चतुराई)

किसी गांव में एक सेठ सोने-चांदी के गहने गिरवी रखकर रुपए-पैसे देने का कार्य करता था लेकिन था । बड़ा ही धूर्त और बेईमान था।

एक बार एक ब्राह्मण ने कुछ सोने के गहने रख कर रुपए ले लिए । कुछ समय बाद ब्राह्मण गहने वापस मांगने आया तो सेठ देने से मुकर गया। ब्राह्मण उदास मन से अपने घर की ओर जा रहा था ,रास्ते में किसी घर में एक महिला अपनी बेटी के साथ रहती थी जिसका नाम था चतुराई । उसने ब्राह्मण को पास बुलाकर उदासी का कारण पूछा तो उसने सारी बात खुलकर बता दी । चतुराई बोली ,देखो महाराज मैं कहूँ वैसा ही करो ,आपको गहने मिल जाएंगे । वह बोली ,मैं सेठ के पास जाती हूँ और इशारा करूँ तब आप आ जाना ।



चतुराई गहनों का एक डिब्बा लेकर सेठ के पास चली जाती है और सेठ से बोली, सेठ जी मेरे पति कहीं बाहर गए हैं और मुझे चोरों का डर भी लग रहा है । और इशारा करके ब्राह्मण को बुला लिया । सेठ कहने लगा , हां रख दो डिब्बा यहां चोर व्यवहार थोड़ी ही है । इतने में ब्राह्मण ने आकर कहा , सेठ जी मेरे गहनों का डिब्बा दे दीजिए । यह सुनकर सेठ हक्का-बक्का रह गया । उसने सोचा कि इसे गहने नहीं दूंगा तो यह महिला भी चली जाएगी । उसने डिब्बा ब्राह्मण के हाथ में दे दिया । ब्राह्मण भी चतुराई की चतुराई से प्रसन्न हो धन्यवाद देकर चला गया।

-पंडित श्याम बिहारी जोशी 'श्याम', सीकर

RNI No. 10311/1965
स्वत्वाधिकारी, प्रकाशक, मुद्रक, सम्पादक राम गोपाल सैनी के लिए उदय प्रिन्टर्स 43 ए, माली कॉलोनी, चांदपोल बाहर, जयपुर से मुद्रित तथा वार्ड नं.1, सामोद रोड़ नीमड़ी, ग्राम-मोरीजा, तहसील-चौमूँ, जिला-जयपुर से प्रकाशित , मो. 9214996258, 7014468512
संरक्षक : बाबूलाल सैनी मो: 7296873757
सहायक सम्पादक: राकेश तिवाड़ी
प्रबंध सम्पादक : वली मोहम्मद कुरैशी, मो. 9929610759
सभी प्रकार के वाद-विवादों का न्याय क्षेत्र जयपुर शहर होगा